तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



13 कार्तिक स्नान करके किया दीपदान





14 बारनवापारा अभयारण्य में पायी जाती है विभिन्न प्रकार की तितलियां









# रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 4 हाईवा सहित 8 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



- अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत परिवहन करते 4 हाईवा सहित 8 वाहन जब्त किया।

जिला खनिज अधिकारी केके बंजारे ने बताया कि अनुभाग कसडोल अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरआर दुबे के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने बुधवार शाम को कसडोल क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन की जांच की। जांच के दौरान महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन में संलिप्त 4 हाईवा और 2 ट्रैक्टर जब्त किया। तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम गिधपुरी क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम की जांच में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट-1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

# तीन लाख की महुआ शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- 2850 किलो महुआ लहान नष्ट किया गया

जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कसडोल के ग्राम–घटमड़वाडेरा, सिमगा के ग्राम गणेशपुर, पलारी के ग्राम खैरी में दबिश देकर करीब 3 लाख 91 हजार रुपये बाजार मूल्य का महुआ शराब जब्त किया और महुआ लहान को नष्ट किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा कसडोल क्षेत्र के ग्राम घटमड़वाडेरा में दबिश दी गई। मौके पर 200 लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया एवं महुआ शराब निर्माण के लिये तैयार 60 बोरियों में भरी 50–50 किलोग्राम में 450 किलोग्राम कुल 2850 किलोग्राम महुआ लहान का सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया।

## खैरी में 40 लीटर महुआ शराब जब्त

इसी प्रकार आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र पलारी के ग्राम खैरी में दबिश दी। मौके पर 40 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और 1200 किलोग्राम महुआ लहान का गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, दिनेश कुमार साहू, देवनंदन, थाना प्रभारी सिमगा योगिता खापर्डे एवं हमराह स्टाफ, आबकारी मुख्य आरक्षक देवी प्रसाद तिवारी, राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी, कमल वर्मा, राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तालाब में मिला बालक का शव

**महासमुंद**। शहर के बंधवा तालाब में गुरुवार दोपहर एक बालक लाश तैरती पाई गई। तालाब के किनारे एक सायकल और बच्चे के कपड़े भी मिले हैं लेकिन, समाचार लिखे जाने तक बालक की शिनाख्त नही हो पाई थी। लाश मिलने की खबर पाकर बड़ी संख्या में लोग तालाब के किनारे पहुंचे। घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने पश्चात घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की विवेचना में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना दोपहर दो तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक के साथ अन्य तीन चार दोस्त के साथ तालाब में नहाने के लिए आए थे। कतिपय इस बालक के डूब जाने की घटना के बाद वे घबराकर यहां से भाग गए। पुलिस के द्वारा इस मामले में अधिक जानकारी एकत्रित कर रही है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**




## खबर संक्षेप



### छठ पूजा समिति ने चलाया सफाई अभियान

**रायपुर।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा आरंभ होने में कुछ ही दिन शेष रह गए उससे पूर्व छठ पूजा स्वच्छता समिति की टीम छठ व्यास तालाब वीरगांव में बुधवार से साफ सफाई अभियान में जुट गई है। भोजपुरी समाज के सचिव रंजय सिंह ने बताया कि छठ पूजा स्वच्छता समिति जगह-जगह जाकर तलावों की साफ सफाई करेगी, ताकि छठव्रती सुविधा अनुसार वह पूजा कर सकें और आने वाले सूर्यउपासक को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान में कुंदन यादव, राहुल साव, सुनील, गौतम शर्मा, सूरज साव, करण शर्मा, संजय मिश्रा, राधेश्याम यादव सहित अन्य सदस्यों शामिल थे।

### दिवाली मिलन समारोह में ब्राह्मण समाजसेवियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे और समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज और समाजसेवियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। साथ ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान से राजेश शर्मा, जेपी शर्मा ,अशोक मिश्रा, संजय जोशी, सुमित शर्मा, गिरीश दुबे को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में कन्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, सचिव सुरेश मिश्रा, पदाधिकारी, गौड ब्राह्मण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पदाधिकारी, सरयूपारीण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण अध्यक्ष विनय तिवारी व पदाधिकारी, उत्कल ब्राह्मण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपथी, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राह्मण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राह्मण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा आदि है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी काफी संख्या में शामिल हुए।

### अब तक 16 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता बंजारे, निर्दलीय शेख जैनब बेगम, हैदर भाटी, राधेश्वरी गायकवाड़ ने अपना नामांकन जमा किया। 9 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### दीपावली से पूर्व कर्मचारियों को 4 हजार श्रम सम्मान राशि देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश निगम मंडल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने दैनिक, आकस्मिक, संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर महासंघ के महासचिव डीएल चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार देने की घोषणा की गई थी, जिसके आधार पर राज्य के कर्मचारियों को 4 हजार रुपए श्रम सम्मान की राशि प्रदान की जा रही है, लेकिन छग प्रदेश के निगम, मंडल, आयोग प्राधिकरण अथवा स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारियों को आज तक 4 हजार श्रम सम्मान राशि प्रदान नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ही राज्य में राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि दी जा रही है एवं निगम, मंडल एवं आयोग प्राधिकरण के कर्मचारियों को नहीं दी जा रही है एवं आयोग के कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

# हाउसिंग बोर्ड ने तीन करोड़ से ज्यादा अटकाया, रिमाइंडर के बाद निगम बंद करेगा जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में जोन-09 की सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति की जाती है। करीब 10 साल पुरानी कॉलोनी में 600 मकानों में 4 लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई होता है, लेकिन निगम को नया जोन बनाने के बाद से जलप्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए निगम ने 06 महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिलने से अब रिमाइंडर के बाद जल आपूर्ति बंद करने की तैयारी है।

राजधानी में लोग पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी रोज निगम को कोस रहे हैं।

## आयुक्त के निर्देश पर 6 महीने पहले भेजे गए डिमांड का नहीं मिला जवाब

### टैक्स फंसने की यह है वजह

परसुलीडीह कॉलोनी से विगत 4 साल से जल कर का निगम को भुगतान नहीं मिल रहा है, क्योंकि कराए गए परिसीमन के बाद जोन-2 व जोन -3 के 7 वार्डों को अलग करके करीब 5 साल पहले नए जोन-9 में शामिल किया गया। जोन को हाउसिंग बोर्ड से जल कर नहीं मिलने की पुष्टि 6 महीने पहले हुई। तब कॉलोनी से जलप्रदाय का तीन करोड़ से भी ज्यादा का टैक्स लेने आकलन के बाद डिमांड भेजा गया। इसके बाद भी हाउसिंग बोर्ड ने जल कर नहीं दिया है। इसे देखते हुए अब रिमाइंडर और उसके बाद आपूर्ति बंद करने की चेतावनी देने की तैयारी है।




### बंद की जाएगी जल आपूर्ति

जिस मामले की बात कर रहे हैं, उसमें कई महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा गया है। रिमाइंडर के साथ भुगतान के लिए अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी भुगतान नहीं होने पर जल आपूर्ति बंद करेंगे।

*- संतोष कुमार पांडेय*
*आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर*

इनमें सड्डू, मोवा, दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल हैं।

वहीं दूसरी तरफ विधानसभा व महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह कॉलोनी में जोन की सड्डू पानी टंकी से आपूर्ति किए जाने और नया जोन बनने के बाद से हाउसिंग बोर्ड से जलप्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिलने की पोल 7 महीने पहले खुली। जोन आयुक्त ने मामले की जांच करवाने के बाद तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा। इसके बाद भी भुगतान अटका है। डिमांड का कोई जवाब नहीं मिलने से निगम ने मामले में रिमाइंडर देने के बाद जल आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है।

**मांग**

**3 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# सहकारी समिति संघ ने मांगी प्रबंधकीय अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिले के सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा समितियों में सुखत की मांग सहित 3 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण आंदोलन के लिए बाध्य गए है। संघ ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर अपनी जायज मांगों को रखा, जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन में जिले के 166 उपार्जन केंद्रों के 129 समिति प्रबंधकों ने मांग की कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं लाभ देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित करें, साथ ही सेवानियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू की किया जाए, इसके अलावा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिवहन पश्चात हुई संपूर्ण, सुखत मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सुखत मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासंगिक व सुरक्षा व्यय एवं कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि का 4 गुणा बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षति पूर्ति प्रति 5000 रुपए दिया जाए, जिससे समितियों को आर्थिक क्षति का सामना नहीं करना पड़े।

## मांगें पूरी नहीं होने पर धान खरीदी बंद की दी चेतावनी



**मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन** जिले के समिति प्रभारियों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर द्वारा लगातार कई बार धान में सुखत मान्य करने शासन से मांग की जा रही थी, लेकिन आज दिनांक तक मांग पूरा नहीं हुई, जिसका जिले के समस्त समिति प्रभारी समर्थन करते हैं, शासन ने बीते 18 अक्टूबर को धान खरीदी नीति जारी की है, जिसमें कंडिका क्रं. 15.8 खरीदी केन्द्र में उपार्जित समस्त धान का परिवहन पहले 28 फरवरी था इस वर्ष 31 मार्च कर दिया गया है पूर्व वर्षों में आज तक 28 फरवरी तक कभी भी खरीदी केन्द्र में उपार्जित समस्त धान का परिवहन नहीं हुआ है। इस वर्ष 31 मार्च है। साथ ही कंडिका क्र. 15.9 में धान उपार्जन केन्द्रों में सग्रहित धान के लिये कोई सुखत मान्य नहीं होने का प्रावधान है। जिसमें समिति को नुकसान होगा, इसके मद्देनजर शासन को सुखत मान्य का प्रावधान कराया जावे। जिससे समिति को आर्थिक क्षति होने से बचाया जा सकें। साथ ही समिति प्रभारियों ने ज्ञापन में कहा कि अगर सुखत मान्य होगा, तभी धान की खरीदी की जायेगी, नहीं तो समस्त प्रभारियों द्वारा इसका विरोध करने के साथ धान की खरीदी नहीं की जायेगी।

### क्रमबद्ध करेंगे आंदोलन

सहकारी समितियों की लंबित 3 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, समिति में व्याप्त समस्या और सुखत की समस्या को बताया गया है। शासन से अगर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो आगामी समय में प्रारंभ होने वाला धान खरीदी समिति प्रभारियों द्वारा नहीं की जायेगी। साथ ही चरण बद्ध आंदोलन भी किया जायेगा। जिसका आवेदन शासन को दिया जा चुका है।

**-मनीराम कैवर्त,** जिलाध्यक्ष, सहकारी समिति कर्मचारी संघ, बलौदाबाजार

### स्टेट लेवल का मामला है

सहकारी समितियों की मांग स्टेट लेवल का मामला है, इसलिए उनका आवेदन स्टेट फॉरवर्ड कर दिया जायेगा

**-दीपक सोनी,** कलेक्टर, बलौदाबाजार

# अरुण छाबड़ा गुरुसिंग सभा में सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

पंजाबी गुरुद्वारा धन धन बाबा बुड्ढा साहिब के जन्मदिवस पर कीर्तन समागम पर आयोजित कार्यक्रम में गुरूद्वारा के प्रधान सरदार हरिकिशन राजपूत एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी कई समाज सेवी संस्थाएं एवं मानद उपाधि डॉक्टरोट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सोनू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु, सुधीर मिश्रा, रूपेश मिश्रा, आलोक मोदी, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, महेंद्र सिंह सलूजा, हर भगवान छाबड़ा, त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पूर्वाशं छाबड़ा, गुलशन वर्मा, सुरज शर्मा, बलवंत छाबड़ा, विक्की सलूजा, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह सप्पल, अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, जॉनी राणा, रघबीर मक्कड़, इन्द्रजीत राणा, राजकुमार छाबड़ा ने बधाई दी।

## नगर में पटाखा दुकान लगाने गाइड लाइन तय...



**भाटापारा।** नगर में पटाखा दुकान लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए प्रशासन ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक की बैठक में एसडीएम, सीएमओ, एडीएसपी, ट्रैफिक पुलिस और अन्य शामिल हुए। बैठक में बताया बताया कि सीएमओ नगरपालिका द्वारा दुकान अधिग्रहण की उचित व्यवस्था की जाएगी, जिसका पालन व्यापारियों द्वारा किया जाएगा। इसमें प्रत्येक दुकान में अग्निशामक की व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी होना अनिवार्य है। साथ ही यातायात प्रबंधन के लिए सभी दुकानों के बीच निश्चित गेप होगा। दुकान में लगी टीन शादी होगी, कचरा जलाने की दूर व्यवस्था होंगी। साथ ही रात में दुकानों में सोने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### ओबीसी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की प्रकरणों की सुनवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने बुधवार को आयोग में की गई शिकायतों के विभिन्न प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान सूरजपुर जिले के निवासी अंबिका प्रसाद सहित 5 लोगों ने भूमि संबंधी मामले की शिकायत की थी। इस प्रकरण में अध्यक्ष ने जिला भ्रमण कर सुनवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदक श्रवण कुमार साहू ने शैक्षणिक कार्य का वेतन भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है। इस प्रकरण में आगामी सुनवाई में अनावेदक को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। एक अन्य प्रकरण में आवेदक शत्रुहन साहू ने सामाजिक बहिष्कार किए जाने की शिकायत की है। इस शिकायत के आधार पर आवेदक और अनावेदकगणों को बुलाया गया था, लेकिन सुनवाई में आवेदक स्वयं नहीं पहुंचा। इसके कारण सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई।

### बैज बोले- एसपी-कलेक्टर की जगह गृहमंत्री बदलते तो अपराध रुक जाते

**रायपुर।** बलौदाबाजार, कवर्धा और अब सूरजपुर के कलेक्टर-एसपी को हटाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह राज्य सरकार की प्रशासनिक अक्षमता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। साय सरकार उनके स्थान पर गृह मंत्री को बदल देती, तो अपराध रुक जाते। सूरजपुर हत्याकांड मामले में कलेक्टर-एसपी बदले जाने के सरकार पर तंज कसते हुए दीपक बैज ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, 10 महीने में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर उन्होंने कहा, स्वाभाविक और सच्चाई है, सरकार का इंटेलिजेंस और सूचना तंत्र सब फेलियर है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में विफल साबित हो चुकी है।







# 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर का पाइप डेमेज, नया हैडर बनाकर किया कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 10 टंकियां रहीं प्रभावित, सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला मरम्मत का काम

इंटवेल स्थित 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी लीकेज की समस्या आ रही थी, जिसे देखते हुए नए हैडर लगाकर इंटर कनेक्शन कार्य बुधवार को किया गया। मरम्मत कार्य के कारण बुधवार शाम शहर की 10 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। जल विभाग ने फिल्टर प्लांट की सफाई का काम भी इस दौरान पूरा किया। गुरुवार सुबह संबंधित पानी टंकियों में नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी। नगर निगम के जल विभाग द्वारा बुधवार को सुबह शहर की 43 नई पुरानी पानी टंकियों में नियमित जल प्रदाय के बाद 80 एमएलडी प्लांट के पुराने व क्षतिग्रस्त इंटेकवेल हैडर को बदलने का कार्य कराया। 23 साल पुराने हैडर का पाइप लाइन डेमेज होने से पानी लीकेज की समस्या रही। त्योहारी सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले सकती थी, जिसे ध्यान में रखते हुए जल विभाग ने समय रहते नया हैडर बनाकर इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा किया। इससे बुधवार शाम 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 10 पानी टंकियां प्रभावित रहीं। इनमें ओवरहेड टैंक डगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी की पुरानी पानी टंकी और श्याम नगर पानी टंकी शामिल है, जबकि 36 पानी टंकियों में जल आपूर्ति यथावत रही।



### सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला कार्य

80 एमएलडी प्लांट का पुराने हैडर डेमेज होने के बाद पानी लीकेज की समस्या को दूर करने विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में नए हैडर का इंटर कनेक्शन का कार्य कराया गया। इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन सहित तकनीकी जानकार की टीम शामिल रही। बुधवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मरम्मत का काम दोपहर 1 बजे पूरा हुआ। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया, पुराने हैडर की 23 साल पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलना बहुत जरूरी था, यह काम काफी कठिन रहा फिर भी हमारी टीम ने दोपहर 1 बजे तक अपने काम को पूरा कर लिया। गुरुवार सुबह से नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शिवसेना ने जलाया आतंकवादियों का पुतला



**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई द्वारा जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुर्ग के सैनिक को गोली लगने से शहीद हो गए, जिसके विरोध में बुधवार को शिवसेना जिला इकाई ने नारा बाजी कर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संतोष शुक्ला, आशीष परिडा, संजय सोनकर, नरेंद्र प्रजापति, किशन साहू, देवराज साहू, जॉनी मॉगराज, सोनू साहू, लीलाधर यदुकुशल साहू, कुणाल कश्यप, प्रशांत साहू,लक्की सिन्हा, सोमनाथ साहित अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए।

## सुरेंद्र बने प्रदेश सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीकी ने सुरेंद्र श्रीवास्तव को छग प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू के नेतृत्व में किया गया। उनकी नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## वैज्ञानिक सोच विकसित करने प्रेरित करता है संविधानः कावरे

**रायपर।** रायपुर संभाग के पांचों जिलों के छात्रों का युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सालेम स्कूल में किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा कि संविधान हमें वैज्ञानिक सोच विकसित करने प्रेरित करता है। प्रतियोगिता में बच्चों ने संसद की कैसी कार्यवाही होती है उसे प्रस्तुत किया, जिसमें रायपुर जिला प्रथम एवं महासमुंद द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर श्री पांडे, संयुक्त विकास आयुक्त सरिता तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सावंत भी उपस्थित रहे ।

### बैठक : जिला प्रशासन ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा

# 33 नए धान खरीदी केन्द्र खोलने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

### धान खरीदी प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन करेगी समितियां



**कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को दिया निर्देश**

खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तैयारी की कलेक्टर दीपक सोनी ने समीक्षा की। विदित हो कि जिले में 166 खरीदी केंद्र है, जिसे बढ़ाने के लिए 33 नवीन केंद्रों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नवीन केंद्र स्वीकृत होने पर धान खरीदी के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता के लिए समितियों में भी बारदानें सुरक्षित रखने को कहा।

बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रकिया का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी समितियों के सूचना पटल पर खरीदी प्रक्रिया चस्पा करने तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर संपर्क नम्बर जारी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य धान खरीदी राज्य शासन का महत्वर्ण कदम है तथा किसानों को भी धान बेचने के लिए बेसब्री से इंतजार रहता है। शासन की मंशानुरूप सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी के लिए आवश्यक सभी तैयारी समय पर पूर्ण करें। किसी भी खरीदी केंद्र में धान बेचने में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें सुखद अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में किसानों की समस्या संबंधित शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी। पंजीयन के लिए छूटे हुए किसानों के नवीन पंजीयन को गंभीरता से लेते हुए 31 अक्टूबर तक पंजीयन करने कहा तथा पंजीयन में ऑपरेटरों द्वारा कोताही बरतने पर हटाकर दूसरा ऑपरेटर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के प्राधिकृत अधिकारियों को ऑपरेटरों के कार्यों पर कड़ी निगरानी के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि धान बेचने के उपरांत किसानों के खाते में राशि के अंतरण या अन्य बैंकिंग संव्याहर में कोई दिक्कत न हो। फुटकर विक्रेताओं के लिए निर्धारित मात्रा में खरीदी –भंडारण तथा बिचौलिए पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

**वर्तमान में है 166 खरीदी केंद्र**

श्री सोनी ने वर्तमान में जिले में 166 खरीदी केंद्र है, जिसे बढ़ाने के लिए 33 नवीन केंद्रों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नवीन केंद्र स्वीकृत होने पर धान खरीदी के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता के लिए समितियों में भी बारदानें सुरक्षित रखने कहा।

# 145 लीटर शराब जब्त एक महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम गणेशपुर में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला के घर से 145 लीटर महुआ शराब जब्त की और 1260 किलो महुआ पास को मौके पर नष्ट किया है। वहीं टीम को शराब बनाने में इस्तेमाल भारी मात्रा में बर्तन और ड्रम भी मिला।

मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग एवं सिमगा पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम गणेशपुर में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने की सूचना पर छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर पुलिस टीम को विभिन्न स्थानों पर छुपाकर रखे जाने के अंदेशा पर संभावित स्थलों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इसमें ग्राम गणेशपुर में अलग–अलग स्थानों से कुल 145 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसके साथ ही महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल भारी मात्रा में बर्तन, ड्रम एवं 1260 किलोग्राम महुआ पास भी जब्त करने के बाद मौके पर नष्ट किया गया। प्रकरण में संयुक्त टीम द्वारा आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए। अवैध महुआ शराब के साथ आरोपिया कृष्ट मसीह उर्फ विधी मसीह 34 वर्ष को 3000 कीमत मूल्य के 145 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपिया के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

■ 1260 किलो महुआ पास नष्ट किया गया

# जनजाति समाज का इतिहास है गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




■ पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुरुवार को जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आ यो ज न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप थानू ध्रुव सचिव सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि ध्रुव जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, मुख्य वक्ता के रूप में पुनेश्वर नाथ मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ. आरके अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने जनजातीय गौरव की कला संस्कृति को सहेजकर अपने जीवन में उतरने की बात कही। मुख्य वक्ता श्री मिश्रा ने बताया कि विश्व की सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज जनजाति समाज है, जिनका गौरवशाली इतिहास है।

स्वत्रंत्रता आन्दोलन हो या फिर भारत में बाहरी आक्रमणकारी के आने पर यदि किसी समाज ने प्रतिरोध सर्वप्रथम किया वह जनजाति समाज है। समाज की अपनी एक आध्यत्मिक ऊंचाई है, जिसकी कल्पना हम माता सबरी के संवाद से कर सकते हैं। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्याम सुंदर साहू एवं पूजा वैष्णव ने और आभार अनुराग साहू ने व्यक्त किया।

# कार्तिक स्नान करके किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



कार्तिक माह पर ग्रामीण अंचल के लोग ब्रह्म मुहूर्त में कार्तिक स्नान कर दीपक प्रज्ज्वलित कर तालाब में प्रवाहित करते हैं। इससे तालाब का नजारा दीपक की रोशनी से जगमगा उठता है। मान्यता है कि कार्तिक महीने में भगवान विष्णु जल में मत्स्य रूप में निवास करते हैं, इसलिए इस महीने में सूर्योदय से पहले पवित्र नदी में स्नान करना शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि कार्तिक स्नान करने से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसके सभी पाप धुल जाते हैं।

इस माह में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने से जीवन में सुख–समृद्धि, आरोग्य, और मानसिक शांति मिलती है। कार्तिक मास में किए गए धार्मिक अनुष्ठान, स्नान, दान, और व्रत से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। ग्राम के पं. घनश्याम शर्मा बताते हैं कि वे प्रत्येक दिन सुबह 5 बजे स्नान करते हैं। इस समय गंगा स्नान करने का फल 1000 बार किए गए गंगा स्नान के समान होता है।

अगर सरोवर तक नहीं पहुंचा जा सकता, तो घर पर ही स्नान कर भगवान विष्णु का ध्यान करना चाहिए। कार्तिक महीने में तुलसी की सेवा और उसके सामने दीपक जलाने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं।



## खबर संक्षेप



### जीजा-साले के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जिले के ग्राम टेमरी में तीन लोगों द्वारा जीजा-साले से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बलौदा पुलिस को प्रार्थी डिलेश्वर बरिहा पिता बुड़ू बरिहा (39 वर्ष) टेमरी ने बताया कि 23 अक्टूबर को वह अपने साले संतलाल गेर्रा चौक के पास बैठा था। इस दौरान गांव के कमलेश सिदार को केला का 20 रुपए लौटाने कहा तो पैसा नहीं होने की बात कही। बाद में ग्राम टेमरी के प्रकाश कुमार उर्फ महतो, आकाश कुमार, रोहित कुमार आकर तुम गाली दे रहे हो कहकर गाली गलौज कर दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)-बीएनएल के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** झालखम्हरिया के ढाबा में एक व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि झालखम्हरिया में अनुराधा ढाबा का संचालक अपने ढाबे व उसके बगल के मकान में अवैध शराब को भंडारण कर छिपा कर रखा है, और उसकी बिक्री करता इसके बाद स्टाफ के साथ मिलकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ढाबा संचालक पुलिस पार्टी को आता देख भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नेहरू देवांगन पिता पुनूराम देवांगन (37 वर्ष) निवासी परसदाकला, फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का होना बताया। वहीं संदेही के ढाबा व ढाबा के बंद कमरे की तलाशी के दौरान नेहरू देवांगन के कब्जे से 35 पौवा प्लेन देशी शराब व ढाबा काउंटर के पास से 5 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 3200 रुपए और बिक्री रकम 700 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### धार्मिक स्थलों का दर्शन कर लौटे नागरिक

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वरिष्ठजनों ने माता तुरतुरिया धाम, गिरौधपुरी धाम, छाता पहाड़, शिवरीनारायण धाम पहुंच कर दर्शन किया और क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कुमार साहू, कलीराम साहू, तीरथ राम साहू, त्रिलोचन साहू, यादव सर, जनक साहू, चोटी साहू, मेहत्तर मंडल आदि उपस्थित रहे।

### लक्ष्य का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

**महासमुंद।** जिले की एक मात्र क्रिकेट एकेडमी टर्मिनेटर के खिलाड़ी लक्ष्य चंद्राकर का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी वर्तमान में मिनी स्टेडियम महासमुंद में संचालित है। लक्ष्य प्रतिदिन एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करता है। लक्ष्य के चयन पर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर शबाब कुरैशी एवं कोच जमशेद रज़ा ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के समस्त खिलाड़ियों ने लक्ष्य के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# बाजार में दुकानों के सामने होगी मार्किंग, प्रशासन ने की पहल

## जिला प्रशासन ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस, जिला प्रशासन की चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक हुई। बैठक में दीपावली पर्व के दौरान खरीदारी आदि करने के लिए ज्यादा संख्या में लोगों का बाजार आने –जाने तथा ऐसे दुकानदार जो बिक्री के लिए कई सामान दुकान से बाहर रख देते हैं, लोगों द्वारा चार पहिया वाहन व मोटरसाइकिल आदि के माध्यम से मार्केट एरिया में भ्रमण किया जाता है जिससे यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मार्केट एरिया में दुकानों के आगे सफेद लाइन की मार्किंग करने की बात रखी गई। दुकान के आगे सफेद मार्किंग करने से दुकानदार अपने सामान इस मार्किंग से आगे नहीं रख पाएंगे, जिससे सामानों के इधर–उधर रखने से जो ट्रैफिक जाम की समस्या होती थी वह दूर होगी। इसके साथ ही सफेद मार्किंग लाइन से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों पर विधिवत कार्रवाई भी की जाएगी।



### वाहन पार्किंग स्थल चिन्हांकित

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा दीपावली में सुव्यस्थित यातायत हेतु वाहनों के पार्किंग स्थल के बारे में बताया गया, जिसके आधार पर बजरंग चौक के सामने बेसिक स्कूल, चर्च के पास बालक शाला, दशहरा मैदान, भैसापसरा, रामसागर तालाब पार को पार्किंग स्थल के रूप चिन्हित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार, सीएमओ, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं पटाखा व्यवसायी उपस्थित थे।

### चार पहिया और दो पहिया वाहनों पर प्रतिबंध

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की चार पहिया एवं दोपहिया वाहन का मार्केट एरिया में प्रवेश निषेध रहेगा। अति आवश्यक स्थिति में केवल बुजुर्ग एवं महिलाओं को दो पहिया वाहन के साथ मार्केट एरिया में कुछ शर्तों के अधीन प्रवेश की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की प्रशिक्षित टीम व फायर ब्रिगेड के साथ 24 घंटे मार्केट एरिया में तैनात रहेगी। पटाखा दुकानों आवंटन नीलामी के माध्यम से कराने तथा सुरक्षा के मद्देनजर उपयुक्त ढंग से विद्युत कनेक्शन व लटके हुए तारों को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया।

## अभयारण्य में पायी जाने वाली तितलियों की हुई पहचान और की गई फोटोग्राफी

# बारनवापारा अभयारण्य में पायी जाती है विभिन्न प्रकार की तितलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारनवापारा अभयारण्य में 21 से 23 अक्टूबर तक बटरफ्लाई मीट तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन एवं ऑफलाईन पंजीकृत प्रतिभागियों तथा रिसोर्स पर्सन सम्मिलित होकर विभिन्न प्रजाति के तितलियों से रूबरू हुए।

प्रतिभागियों ने वनक्षेत्र में सुबह एवं शाम स्थानीय स्टाफ के साथ पैदल भ्रमण कर बारनवापारा अभयारण्य में पाये जाने वाली तितलियों की पहचान एवं फोटोग्राफी की। बटरफ्लाई मीट-2024 के तृतीय संस्करण के समापन पर मुख्य रूप से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संगीता गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती–सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर सतोविशा समाजदार, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।उपस्थित अतिथियों द्वारा बटरफ्लाई मीट के प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदाय कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया, परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा सुनिल खोब्रागढ़े, परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू, गितेश बंजारे, परिक्षेत्र सहायक बारनवापारा, गोपाल प्रसाद वर्मा, परिक्षेत्र सहायक पूर्णिमा वर्मा, नंद कुमार बघेल, नेहरू राम निषाद तथा अभयारण्य के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय बटरफ्लाई मीट का हुआ समापन




### तितलियों के संबंध में रोचक जानकारी दी

बारनवापारा अभयारण्य में प्रमुख रूप से इंडियन नवाब, ब्लैक राजा, ऑरंज ओक लीफ, ट्राई कलर्ड पाइड फ्लैट और मंकी पजल, क्रिमसन रोज जैसे दुर्लभ तितलियां पायी जाती है। डनैड एज फ्लाई शेड्यूल 1 में शामिल हैं। इस दौरान ट्रेल में तितलियों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा रोचक जानकारी दी गई। सम्मिलित प्रतिभागियों के लिए पर्यटक ग्राम बारनवापारा में रात्रि विश्राम एवं भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी।

# आयुष्मान पंजीयन के लिए विशेष अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान पंजीयन के लिए छूटे हुए हितग्राहियों के लिए सभी विकासखण्ड के 30–30 ग्रामों एवं नगरीय निकाय में 25 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान पंजीयन किया जायेगा। आयुष्मान पंजीयन किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में राशनकार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है।



- पंजीयन के लिए राशनकार्ड एवं आधार कार्ड अनिवार्य

कलेक्टर सोनी ने आयुष्मान पंजीयन के लिए छूटे हुए लोगों से शिविर में जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराकर जरूरत के समय आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस हेतु मितानिन, एमटी, स्वास्थ्य कर्मी पंजीयन हेतु जुटे हुए हैं तथा घर–घर जा कर कार्ड बनाया जा रहा है। इस कार्य में पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। योजना के लाभ और उसकी आवश्यकता का भी प्रचार–प्रसार स्वास्थ्य कार्यकर्ता कर रहे हैं। जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों में भी बन रहे हैं। जिला सलाहकार विनय मिश्रा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत परिवार की पात्रता अनुसार अंत्योदय कार्ड और प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवार को पांच लाख रुपए तक के इलाज की सालाना सुविधा इन कार्डों से मिलेगी, जबकि शेष राशन कार्डधारी सामान्य राशन कार्ड परिवारों को सालाना 50 हजार रुपये तक का निःशुल्क इलाज पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में मिलेगा। ऐसे ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु अधिकतम 25 लाख तक की सहायता मरीज को दी जाती है। योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए टोफ्री नंबर 104 या 14555 में संपर्क कर सकते हैं।

# पोषण सखी में कार्य लिये महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसा नाला

प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आईएफएडी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। गुरूवार को चयनित महिलाओं को पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकि सहयोगी संस्था पीसीआई इंडिया एवं कृषि विभाग बिलाईगढ़ के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष में में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार, निखिलेश साहू पीसीआई एवं सुश्री अंजना पटेल, सुपरवाईजर, महिला एवं बाल विकास विभाग चिराग परियोजना के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग से जिला चिराग नोडल जेपी गुप्ता कृषि विकास अधिकारी, कृष्ण कुमार साहू, शेखर सुमन सिंग रात्रे ग्रा.कृ.वि. अधिकारी एवं प्रकाश कुमार थवाईत, बीटी एम हरीश कुमार एमटी एम कृषि विभाग से अधिकारी उपस्थित थे।

### चोरी के आरोपी महिला और पुरुष गिरफ्तार

**महासमुंद।** सबमर्सिबल पंप और दुकान में चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने महिला-पुरूष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पंप और नगद रकम बरामद किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया राजकुमारी चौहान ग्राम लोहराकोट महासमुंद थाना सांकरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 सितंबर को मै अपने मायके बसना चली गयी थी। घर में कोई नही था। करीब 15-20 दिन बाद वापस घर आकर देखने पर पता चला कि घर के सामने बोरवेल में लगा 1 एचपी का सबमर्सिबल मोटर पंप एवं केबल वायर जुमला कीमत 10000 रुपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना सांकरा में अपराध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा एक महिला सत्यभामा चौहान पति सुधु विश्वकर्माव अजय चौहान पिता विश्राम चौहान को पुलिस हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ की गई।

# डीईओ से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौंजन्य मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग रखी। इसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति, शिक्षक पद पर पदोन्नति का प्रस्ताव, शिक्षक गौरव अलंकरण के लिए निचले स्तर से अनुमोदन के बाद दिया जाना, समस्त डीडीओ को सेवा पुस्तिका संधारण करने आदि विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई। साथ ही मध्यान्ह भोजन एप मेसेज नहीं किए जाने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने का कार्यवाही को निरस्त करते हुए वेतन स्वीकृति का आदेश प्रसारित किया गया। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संरक्षक बीएल चंद्राकर, जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव योगेंद्र पड़वार, संगठन सचिव जायंती लाल कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष पंचराम साहू, तहसील सरसीवा अध्यक्ष भगवान प्रसाद दुबे, तहसील भटगांव अध्यक्ष बुद्धेश्वर कुमार कश्यप, सचिव कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष मूल चंद देवांगन, प्रचार सचिव नारायण सिंह तोमर, सरसीवा तहसील उपाध्यक्ष लोकनाथ मानिकपुरी, संतोष श्रीवास, पीतांबर साहू, झूमक लाल कश्यप आदि उपस्थित थे।

- विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग रखी

### धान खरीदी में गड़बड़ियां रोकने खरीदी केंद्रों में लंबे समय से जमे ऑपरेटर और प्रबंधकों की होगी बदली

**महासमुंद।** जिले में जाड़ामुड़ा, पिरदा सोसायटी में करोड़ों का धान घोटाला के बाद की इस बार प्रशासनिक स्तर पर कसावट लाने की तैयारी की जा रही है। अब तक जिन धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियां सामने आई है, उनमें प्रबंधक और ऑपरेटर के अलावा अधिकारियों की मिलीभगत रहती है। जिसे देखते हुए इस बार, धान खरीदी की अनियमितता को रोकने के लिए, खरीदी केंद्रों में लंबे समय से जमें ऑपरेटर और प्रबंधकों को हो बदला जाएगा। इनमें खासकर वह खरीदी केंद्र प्राथमिकता में रहेंगे जिनकी लंबे समय से हो रही है। इसके अलावा उन्होंने धान मिलिंग और रकबा को लेकर यदि इस बारकोई गड़बड़ियां सामने आती है, तो सीधे तौर पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे, जिन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 12 लाख 45 हजार टन है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग की नीति को मंजूरी दे दी है। जिले सहित प्रदेशभर में 14 नवंबर से राज्य के किसानों से नगद और लिंकिंग के जरिए धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

# हायर सेकंडरी में लगी कैंसर जनजागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में संकुल केंद्र खुरसुला और भंडोरा के शिक्षकों को कैंसर बीमारी की जानकारी दी गई। कैंसर मुक्त भारत मिशन 2024 के तहत भारत में 150 एनजीओ की टीम देश को कैंसर मुक्त बनाने स्टाप कैंसर एनजीओ नागपुर महाराष्ट्र द्वारा निःशुल्क कैंसर जनजागरूकता कार्यशाला में काउंसलर एवं मास्टर ट्रेनर भूषण सदाशिव द्वारा सभी शिक्षकों को कैंसर बीमारी से जुड़ी जानकारी दी गई। जिसमें कैंसर क्या होता है? कैंसर के स्टेज, दो सौ प्रकार के कैंसर बीमारी, कैंसर से बचने के उपाय, सावधानियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कैंसर स्टाप काउंसलर द्वारा शिक्षकों को स्कूल, समाज, गांव, नगर, शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए अपील की गई, जिससे देश को कैंसर मुक्त भारत बनाया जा सके।

## 23 से बढ़ाकर 30 अक्टूबर तक की

# मतदाता सूची में दावा आपत्ति की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगरीय चुनाव कराने की तैयारी को लेकर प्रकाशित मतदाता सूची में दावा–आपत्ति का कार्य 16 अक्टूबर से शुरू हो गया है, जिसका अंतिम तिथि 23 अक्टूबर था। अब इसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दिया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची में कुछ त्रुटियों को दूर करने के बाद प्रकाशित किया गया है। कई वार्डों की मतदाता सूची को अवलोकन करने से कई खामियां नजर आ रही है। इन खामियां को दुरुस्त करने के लिए मतदाता सूची को दुरुस्त करने में लगे आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं शासकीय कर्मचारी त्रुटियों को दूर करने में लगे हुए। अभी भी मतदाता सूची में एक ही व्यक्ति के दो–दो वार्ड में नाम दर्ज हैं। विवाहित महिलाओं के नाम को भी नहीं काटा गया है। रोजगार धंधा करने आए ऐसे लोगों के नाम एवं शासकीय कर्मचारी जिसका यहां से स्थानांतरण होने के बाद भी उनका नाम भी मतदाता सूची में दर्ज हैं। इसके अलावा बहुत से ऐसे मतदाता हैं। जिनका निवास स्थान कहीं और राजनीतिक लाभ लेने के लिए दुसरे वार्डों के मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया है। इससे साबित होता है कि शासन द्वारा जारी राशनकार्ड में उनके बताए हुए जानकारी फर्जी है। राशनकार्ड हितग्राहियों के बताए अनुसार निवास स्थान वार्ड के मतदाता सूची में नाम दर्ज होना चाहिए। इन सभी त्रुटियों को दूर नहीं किया जाएगा। तब तक नगर पंचायत भटगांव में कुल मतदाताओं की संख्या का सही आंकड़ा नहीं चल पाएगा। उल्लेखनीय है कि दावा–आपत्ति करने का अंतिम 23 अक्टूबर थी, जिसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर करने से मतदाता सूची की त्रुटियों में दावा–आपत्ति करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। मतदाता सूची को दुरुस्त करने के बाद नगर भटगांव में कुल मतदाताओं की संख्या का सही आंकड़ा पता चल जाएगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411